प्रेस नोट
दिनांक 14.07.2024

पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा मुहर्रम त्योहार के दृष्टिगत 7वीं, 8वीं, 9वीं एवं 10वीं को निकाले जाने वाले जुलूसों को शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने एवं जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाए रखने हेतु की गई तैयारी के संबंध में सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों के साथ की गयी वर्चुअल गोष्ठी, सम्बन्धित अधिकारियों को दिए गए आवश्यक दिशा–निर्देश–

गोण्डा। आज दिनांक 14.07.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा मुहर्रम त्योहार के दृष्टिगत 7वीं, 8वीं, 9वीं एवं 10वीं को निकाले जाने वाले जुलूसों को शांति पूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने एवं जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाए रखने हेतु जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों के साथ वर्चुअल गोष्ठी की गयी। गोष्ठी के दौरान महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों से उनके क्षे़त्र में होने वाली घटना और किए जा रहे कार्यवाही के बारे में जानकारी ली गयी। महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि मोहर्रम के जुलूस निर्धारित मार्ग से ही निकाले जाए। जुलूस के दौरान संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी करते हुए वीडियोग्राफी की जाए। बिजली विभाग से समन्वय स्थापित कर जुलूस के रास्तों में झूले हुए तारों को दुरूस्त कराया जाए तथा जुलूस निकलने से पहले जुलूस मार्ग की बिजली को कटवाया जाए। जुलूस के दौरान किसी तरह के हथियारों का प्रदर्शन नही होने पाए साथ ही मोहर्रम पर्व/जुलूस के दिन सभी थाना प्रभारी 24 घण्टे अलर्ट मोड में रहते हुए अपने–अपने थाना क्षेत्रों के असामाजिक तत्वों पर खास नजर बनाकर रखेंगे। अगर किसी भी असामाजिक तत्वों द्वारा कोई भी घटना को अंजाम दिया जाता है तो उनके विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही करते हुए जनपद में मोहर्रम पर्व व जुलूस को सकुशल सम्पन्न करवाया जाए। महोदय द्वारा स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं अन्य अभिसूचना तंत्रों को और अधिक सक्रिय रहकर कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली सूचनाओं की जानकारी करने हेतु निर्देशित किया गया तथा प्रभारी मीडिया सेल को अपने निकट पर्यवेक्षण में सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिवटर एवं व्हाट्सएप आदि पर सतर्क दृष्टि रखते हुए भ्रामक सूचना प्रसारित होने पर विधिक कार्यवाही करते हुए तत्काल उसका प्रभावी खण्डन करवाने हेतु निर्देशित किया गया।

मीडिया सेल, गोण्डा।

प्रेस नोट
दिनांक 14.07.2024, थाना को0मनकापुर
जनपद गोण्डा।

थाना को0 मनकापुर पुलिस द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन की फर्जी बैनामा कराने के वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-

कार्यवाहीः-

श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मनकापुर श्री राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना को0 मनकापुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-492/2023, धारा 419, 420, 467, 468, 471, 323, 506 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त 01. बृजेश कुमार मिश्रा पुत्र चन्द्रिका प्रसाद मिश्रा निवासी तुलसीपुर कलेनिया थाना को0मनकापुर जनपद गोण्डा को कलेनिया पेट्रोल पम्प के पास से गिरफ्तार कर लिया गया ।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

थाना को0मनकापुर क्षेत्र के अन्तर्गत वादिनी द्वारा सूचना दिया की विपक्षीगण द्वारा कूटरचित अभिलेख तैयार कर धोखाधड़ी करके जमीन को बैनाम करा दिया है। जिसके सम्बन्ध में थाना को0मनकापुर पर मु0अ0सं0-492/2023, धारा 419, 420, 467, 468, 471, 323, 506 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था। आज दिनांक 14.07.2024 को थाना को0मनकापुर पुलिस द्वारा अभियुक्त 01. बृजेश कुमार मिश्रा पुत्र चन्द्रिका प्रसाद मिश्रा निवासी तुलसीपुर कलेनिया थाना को0मनकापुर जनपद गोण्डा को कलेनिया पेट्रोल पम्प के पास से गिरफ्तार कर लिया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0मनकापुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

01. बृजेश कुमार मिश्रा पुत्र चन्द्रिका प्रसाद मिश्रा निवासी तुलसीपुर कलेनिया थाना को0मनकापुर जनपद गोण्डा।

पंजीकृत अभियोग-

01. मु0अ0सं0-492/2023, धारा 419, 420, 467, 468, 471, 323, 506 भादवि थाना कोतवाली मनकापुर जनपद गोण्डा।

गिरफ्तार कर्ता टीम-

01. उ0नि0 अरविन्द कुमार
02. हे0का0 धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा
03. का0 हरिपाल वर्मा

मीडिया सेल, गोण्डा।

प्रेस नोट

दिनांक 14.07.2024

परिवार परामर्श केन्द्र में 01 जोड़ा एक साथ रहने को हुआ राजीः-

गोण्डा। रविवार जनपद गोण्डा के रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस अधीक्षक गोंडा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में परामर्शदाताओं ने बिछुडे जोड़ो की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया तथा 01 जोड़े को समझा बुझाकर सुखी जीवन जीने हेतु राजी कर लिया गया।

परिवार परामर्श केन्द्र में उपस्थिति सदस्यगण-

श्री गंगाधर शुक्ला, श्री शशी भारती, श्री राजमंगल मौर्या, श्रीमती संतोष ओझा, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीमती अनीता यादव, म0का0 पल्लवी, म0का0 ज्योति राजभर आदि मौजूद रही।

मीडिया सेल, गोंडा।